नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 369/2021
Dt-9-9-2021

कार्यपालक निदेशक,
राज्य स्वास्थ्य समिति,
बिहार, पटना।

विषयः—**मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर के एन॰एच॰ 57 (अररिया संग्राम) पर नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर में स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर के एन॰एच॰ 57 में ट्रॉमा सेंटर निर्माण की स्वीकृति 2009 में ही भारत सरकार द्वारा दी गई थी। उक्त ट्रॉमा सेंटर का भवन लगभग 2 वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु अभी तक स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ नहीं होने के कारण दुर्घटना में घायल, अस्पताल पहुंचाने वाले परिजन अथवा अन्य को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पोरबंदर(गुजरात) से सिलचर(असम) को जानेवाली ईस्ट—वेस्ट कोरिडोर से जुड़ा मुजफ्फरपुर से पूर्णिया तक एन॰एच॰ 57 पर एक मात्र ट्रॉमा सेंटर निर्मित है, जो एन॰एच॰ सहित अन्य मार्गों पर हुए सड़क दुर्घटना में घायल नाजुक हालत के व्यक्ति को त्वरित ईलाज होने पर प्राणों की रक्षा कर सकती थी। इसी उद्देश्य से एन॰एच॰ 57 पर ट्रॉमा सेंटर की स्थापना भी की गई है।

उक्त ट्रॉमा सेंटर में स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ न होने से सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को दुर्भाग्यवश मधुबनी, दरभंगा एवं अन्य बड़े अस्पतालों में ले जाना पड़ता है, फलस्वरूप तत्काल ईलाज नहीं मिलने एवं अस्पताल पहुंचाने में अधिक समय लगने के कारण कई घायल व्यक्तियों की नाजुक हालत में मृत्यु भी हो जाती है।

अतः अनुरोध है कि झंझारपुर के एन॰एच॰ 57 अररिया संग्राम में नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर में स्वास्थ्य सुविधा प्रारंभ कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 9.9.21
ईमेल—**mla-jjpur-bih@nic.in**

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in